सत्यमेव जयते
Government of India

Media Scanning & Verification Cell

Media alert from the Media Scanning & Verification Cell, IDSP-NCDC.

Alert ID	Publication Date	Reporting Date	Place Name	News Source/Publication Language
5509	03.09.2019	03.09.2019	**Dehradun Uttarakhand**	www.amarujala.com/Hindi https://www.amarujala.com/dehradun/dengue-patient-student-death-in-dehradun?fbclid=IwAR18zY8L_vBBNpcoL39N0qKCCLXDKsoX_GLBUuy8Ans7EDvHcy4LEVX87pw
Title:	**One death due to dengue in district Dehradun, Uttarakhand**			
Action By CSU, IDSP –NCDC	Information communicated to DSU-**Dehradun**, SSU-**Uttarakhand**			

देहरादून में नेहरू कालोनी निवासी एक छात्रा की डेंगू बुखार से मौत हो गई है। वह क्लेमेंटटाउन स्थित एक निजी विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन कर रही थी। कुछ दिन पहले ही उसने विवि में दाखिला लिया था। छात्रा की मौत से जहां परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। वहीं कालोनी में मातम पसरा हुआ है। स्वास्थ्य विभाग में भी हड़कंप की स्थिति है।

मूल रूप से टिहरी गढ़वाल की रहने वाली 19 वर्षीय एक छात्रा को करीब 15 दिन पहले बुखार हुआ था। विवि में अचानक तबीयत बिगड़ने पर उसे नेहरू कालोनी स्थित घर पहुंचाया गया। आनन-फानन में परिजन उसे श्री महंत इन्दिरेश अस्पताल लेकर पहुंचे। जरूरी उपचार के बाद स्थिति सामान्य होने पर परिजन उसे घर ले आए। लेकिन, घर आकर उसकी तबीयत फिर बिगड़ गई।

उसके बाद परिजन उसे हरिद्वार रोड स्थित कैलाश अस्पताल लेकर पहुंचे।जांच डॉक्टरों ने उसे भर्ती कर दिया। जांच में पता चला कि डेंगू से उसके मल्टी ऑर्गन फेल हो गए हैं। साथ ही

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.

Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in

Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1

प्लेटलेट्स भी गिर गई हैं। किडनी में दिक्कत के कारण छात्रा का डायलेसिस कर प्लेटलेट्स चढ़ाई गई। करीब चार दिन तक हालत में सुधार नहीं होने पर परिजन उसे एम्स (ऋषिकेश) लेकर पहुंचे।

एम्स में वेंटिलेटर उपलब्ध न होने पर छात्रा को हिमालयन अस्पताल जौलीग्रांट ले जाया गया। वहां भी डॉक्टरों ने छात्रा की हालत चिंताजनक बताते हुए उसे वेंटिलेटर पर रखा। करीब 15 दिन तक जिंदगी-मौत से जंग लड़ते सोमवार को छात्रा की मौत हो गई। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण अधिकारी सुभाष जोशी ने छात्रा में डेंगू की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि विभाग ने छात्रा की कई दिन पहले एलाइजा जांच कराई थी। छात्रा की बहन को भी इससे पहले डेंगू हुआ था।

कुछ दिन पहले किया था सर्वे

नेहरू कॉलोनी क्षेत्र में डेंगू बुखार फैलने की शिकायत पर स्वास्थ्य विभाग ने सर्वे किया था। विभाग ने तब कालोनी में टंकियों में कई दिन से जमा पानी खाली कराकर लार्वा नष्ट कराया था। साथ ही नगर निगम की टीम ने फॉगिंग भी की थी।

Save Water- Save Life, Save a tree- Don't print unless it's really necessary!

Disclaimer:- This is a media alert subject to verification.
Integrated Disease Surveillance Programme (IDSP), National Centre for Disease Control,
Ministry Of Health & Family Welfare, Government of India
22-Sham Nath Marg, Delhi – 110 054
For more information please contact: Media Scanning & Verification Cell: - Phone (011)23946029
Email: - idsp-msc@nic.in, idsp-npo@nic.in
Join us on http://www.facebook.com/pages/Media-Scanning-Verification-Cell-IDSPNCDC/137297949672921
https://twitter.com/MSVC1